प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा
निविदा सूचना संख्या– 03/2019–20

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार, पटना के अधीन राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के विभिन्न संकायो के छात्र–छात्राओं का शिक्षण/प्रशिक्षण कार्य को सुचारु रुप से संचालन हेतु संस्थान में विभिन्न प्रयोगशाला से संबंधित सामग्रियों/उपकरणों तथा प्रयोगशाला/पुस्तकालय/Conference Room इत्यादि हेतु उपस्कर एवं पुस्तकों का कय आवश्यकतानुसार किया जाना है। उपरोक्त सामग्रियों के आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित एवं निबंधित प्रतिष्ठानों/अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं/उत्पादकों से कय की जाने वाली सामग्रियों की आपूर्ति हेतु एक बिल ऑफ मैटेरियल (परिमाण विपत्र) तेयार किया गया है जिसे इच्छुक निविदादाताओं द्वारा रु01000.00 (एक हजार) का ननरिफन्डेबल एकाउन्टपेयी बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के पदनाम से दरभंगा में भुगतेय हो एवं नगद भुगतान कर निविदा दिनांक–**13/11/2019** से दिनांकः– **23/11/2019** तक किसी भी कार्य दिवस में अपराहन् 05:00 बजे तक जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

1.निविदादाताओं को GST एवं आयकर विभाग में निबंधित होना चाहिए, साथ–साथ अद्यतन कर शोधन प्रमाण– पत्र, विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न एवं आयकर पैनकार्ड की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति लगाना अनिवार्य होगा।

2 निविदा दाताओं को आपराधिक चरित्र नही होने संबंधी एवं काली सूची में दर्ज नही रहने संबंधी शपथ पत्र का मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. निविदा के साथ रु0 20,000.00 (बीस हजार) रूपये बतौर अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य,राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के पदनाम से प्रतिभूति के रूप में एवं निविदा फार्म कय करने का रसीद (एक हजार रूपये) का मूल प्रति समर्पित करना होगा।

4. निविदादाता को संस्थानों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। इस हेतु उन्हें निविदा डालने के समय अनुभव से संबंधित प्रमाणिक साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा।

5. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग अलग सील बंद लिफाफा कमशः A और B में देना होगा। दोनों लिफाफा A एवं B को एक बड़े लिफाफा में डाल कर मुहर बंद करना अनिवार्य होगा। बड़े लिफाफा के उपर में निविदा सूचना संख्या अंकित रहना चाहिए।

6. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि अथवा अगले दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

7. बिहार वित्तिय नियमावली के खंड–1 एवं 2 (संशोधित) के तहत ही सभी कार्य संपंन कराया जायेगा।

8. आवंटन की विलंबता की स्थिति में निविदा को स्थगित/रद्द किया जा सकता है।

9.मुहर बंद लिफाफों मे दिनांक–**25/11/2019** तक अपराह्न 05.00 बजे तक प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा, के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा खोलने की तिथि–**29/11/2019** को 11.30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना द्वारा गठित कय समिति के समक्ष तकनिकी निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

10. तकनीकी निविदा में सक्षम पाये गये निविदा दाताओं का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

11.निविदा को बिना कोई कारण बताये संशोधन करने, स्थगित करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

12. उक्त निविदा www.gpdarbhanga.org.in website पर भी देखी जा सकती है।

31/10/19

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
दरभंगा